सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 128 | इंदौर, गुरुवार 16 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. Elvish Yadav: मुझसे गलतियां हुई... मैंने माफी मांग ली; सांपों के जहर से जुड़े मामले के बीच एल्विश का कबूलनामा
2. दिल्ली जमीन घोटाला: केजरीवाल सरकार ने CBI को भेजा मामला, मुख्य सचिव पर बेटे को 850 करोड़ लाभ पहुंचाने का आरोप

चुनावी चर्चा

DGR@ एल.एन. उग्र

## क्या कैलाश जी बनेंगे नंबर 1...?

वर्तमान दौर चुनावी समर है... लोकतंत्र का उत्सव ... जिसने मैदान पकड़ा...वही खिलाड़ी है... मैदान में दाव लगाना और दूसरे को पटकनी देना ही... ताल ठोक कर फतेह हासिल करना...जीत कहलाती है... मैदान में इस बात का... कोई अर्थ नहीं होता है कि... कौन कितना दमदार है... कौन कितना बड़ा है...जब ताल ठोकी एक दूसरे के सामने... तब ही इन बातों का अर्थ... बे अर्थ हो जाता है... अब तो लक्ष केवल जीत... और जीत होता है...।

जी हां मैं बात कर रहा हूं...इंदौर विधानसभा एक की... जहां से वरिष्ठ और गरिष्ठ... भाजपा के बड़े नाम... कैलाश जी ने मैदान पकड़ा है... सामने हैं संजय शुक्ला जी... वे वर्तमान में यहां से विधायक भी हैं...कैलाश जी को भाजपा ने... क्यों एक नंबर से चुनाव में उतारा है... यह हर किसी के न तो समझ का... विषय है... न ही बहस का...। राजनीति में बड़े खेल होते हैं... और मैं हमेशा कहता हूं... राजनीति जो करा दे... वह कम है... खैर...। कुछ समय हमने कैलाश जी के...संपर्क के दौरान गुजारा... आज में कैलाशी के चुनाव संपर्क की... व्याख्या नहीं करूंगा... क्योंकि कैलाश जी की टीम बड़ी...और मजबूत भी... संपर्क में जो होता है... वही होता रहा है... मैंने कैलाश जी पर अक्सर लिखा है...उन पर लिखना अच्छा भी लगता है... हालांकी चुनौतीपूर्ण भी होता है...पिछले दिनों कैलाश जी ने जब... यह कहा था कि... मैं बूढा नहीं हुआ हूं... कहीं से भी चुनाव लड़ सकता हूं...और उनकी बात सही भी हो गई...वे चुनाव मैदान में हैं...मैंने तब भी लिखा था कि... जो ऊर्जा से ओत प्रोत हो... जिससे लोग ऊर्जावान बनते हों... जो सक्रिय हो... वह बूढा नहीं हो सकता है...। इस चुनाव में ऊर्जा से ओत प्रोत... राजनेता दिखाई दे रहा है...जो सुबह से शाम तक... अपने कर्म में लगा हुआ है...खुद के चुनाव में समय कम दे रहा है... अन्य लोगों के लिए वोट मांगने जा रहा है... सभाएं कर रहा है...वह कहते हैं मेरे कार्यकर्ता चुनाव लड़ते हैं... मैं चुनाव नहीं लड़ता हूं... और यही दिख भी रहा है... आज इंदौर की एक नंबर सीट पर... ना केवल इंदौर बल्कि... पूरे प्रदेश की राजनीति की... निगाह लगी हुई है...।



मैं चुनाव समर में... कई प्रत्याशियों के लिए लिख चुका हूं... मैंने जो महसूस किया... वही लिखा है... गुणगान या किसी को खुश करने का... लिखने का अर्थ यह है कि... मैं सच में लेखक नहीं हूं...कलम सही लिखें तो ही कलम है...वरना तो वह पेन बनकर रह जाएगी...।



कैलाश जी ने इंदौर की राजनीति को... ना केवल बदला... बल्कि इतिहास बना दिया है... नया पाठ लिखा गया है... जिस दो नंबर विधानसभा में... कॉन्ग्रेस का गढ़ हुआ करता था...आज वहां कांग्रेस ही क्या... हर कोई दल चुनाव भी...चुनाव की औपचारिकता निभा रहा है...। संजय शुक्ला के बेटे वाले स्लोगन पर... बड़े तर्क पूर्ण... अर्थ पूर्ण... व सारगर्भित बात कहते हैं... जो व्यक्ति पिता की विचारधारा को नहीं अपना पाया... वह बेटे को फर्ज क्या निभा पाएगा... क्योंकि विष्णु प्रसाद जी शुक्ला... बड़े भैया... भाजपा के बड़े नाम थे... फाउंडर कहलाते थे... गर्दिशों से भाजपा को उभारने वाले... नेताओं में उनकी गिनती होती थी...हांलाकी राजनीति में यह जरुरी नहीं है कि... पिता जिस राजनैतिक दल में हो वहीं पुत्र भी जाए...और कई बार तो राजनीति के... समीकरण के लिए समझोतो के लिए...भी पिता- पुत्र, माता -पुत्र,भाई- भाई... या अन्य रिश्तेदार... अलग-अलग दलो के माध्यम से... सत्ता में बने रहते हैं...! बड़े भैया और संजय शुक्ला राजनीति में अपवाद नहीं है...!

कैलाश जी के चुनाव लड़ने पर...सारा शहर और प्रदेश... इंतजार में है परिणाम के... परिणाम क्या आता है...एक व्यक्ति ने यह भी प्रश्न किया कि... क्या कैलाश जी चुनाव जीतेंगे...? या हार जाएंगे...? उसी ने प्रति प्रश्न भी किया...अगर हार गए तो...?बस प्रश्नवाचक चिन्ह लगाकर... वह व्यक्ति चुप हो गया...लेकिन एक सवाल खड़ा कर गया...? अब तो देखना है परिणाम के दिन...। कैलाश जी पर दो नंबरी तमगा लगा है... वे इस चुनाव परिणाम से...1 बनेंगे या नहीं...? लेकिन राजनीति के खिलाडी... समीक्षकों का मानना है कि...कैलाशी बनेंगे नंबर वन...।

**शेष फिर...**

# अब बस कल का इंतजार ...

## किस दल को पसंद करेंगे प्रदेशवासी

**64,523**

**पोलिंग बूथ पर रवाना हो रहे मतदान दल**

**जीपीएस से हर वाहन की निगरानी होगी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार बुधवार शाम 6 बजे थम गया। इसके बाद अब बस कल यानि शुक्रवार का इंतजार है, जब प्रदेशवासी किस दल को पसंद करेंगे इसके लिए मतदान करेंगे। इसका फैसला तो दिसंबर में आएगा, लेकिन इसके पहले ही नेताओं के दिलों की धडक़नें बढ़ गई है।**

उधर, मतदान के लिए निर्वाचन आयोग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए आज सुबह से मतदान दल 64,523 पोलिंग बूथों के लिए रवाना हो रहे हैं। मतदान दलों के वाहनों को ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम से कनेक्ट किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय हर जिले की पोलिंग पार्टियों के मूवमेंट पर नजर रखेगा। शुक्रवार सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में टीम तैनात की गई है, जो हर जिले से मतदान दलों के रवाना होने की रिपोर्ट लेगी। सीईओ अनुपम राजन ने बताया कि मतदान केंद्रों में जरूरी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। 38 हजार से अधिक मतदान केंद्रों की वेब कास्टिंग से निगरानी की जाएगी। जीपीएस से हर वाहन की लोकेशन मिलती रहेगी। माइक्रो ऑब्जर्वर, पीठासीन व सेक्टर अधिकारियों की टीमों को अलर्ट रहने और चुनाव के दौरान संदिग्ध गतिविधियों से दूर रहने के लिए कहा गया है। चुनाव आयोग ने प्रदेश में मोबाइल, कम्प्यूटर और अन्य संसाधनों से किए जाने वाले बल्क एसएमएस को बैन कर दिया है। इसके चलते दो दिन तक सामान्य ही किए जा सकेंगे।

### सेक्टर अफसर रात में मतदान केंद्रों में रुकेंगे

आयोग के निर्देश हैं कि मतदान के एक दिन पहले सेक्टर अफसरों को भी क्षेत्र के नियत मतदान केंद्र पर ही रुकना होगा। सेक्टर ऑफिसर, जिनके वाहन में रिजर्व ईवीएम रखी रहेंगी, उनमें भी जीपीएस रहेगा। प्रत्येक सेक्टर ऑफिसर के साथ डॉक्टर भी रहेगा। ऐसे डॉक्टरों को मतदान की सुविधा देने के लिए ईडीसी जारी किए गए हैं। इसके साथ ही प्रदेश के 464 मतदान केंद्रों में जहां दूरसंचार की सुविधा नहीं है, वहां रनर के माध्यम से सीईओ एमपी इलेक्शन को जानकारी भेजी जाएगी। इसके लिए स्थानीय कर्मचारियों की भी मदद ली जाएगी।

### हर दो घंटे में रिपोर्ट लेने डाउनलोड कराया मतदान एप

चुनाव आयोग ने मतदान की गतिविधियों और दो-दो घंटे की जानकारी भेजने के लिए मत प्रतिशत एप पीठासीन, सेक्टर और रिटर्निंग अधिकारियों से डाउनलोड कराया है। पीठासीन अधिकारी मतदान दलों के रवाना होने से लेकर वहां पहुंचने, मतदान कराने, मतदान केंद्र से मतदान सामग्री जमा करने वाले स्थल तक आने और मतदान सामग्री जमा करने तक की पूरी जानकारी इस एप में दर्ज करेंगे। यह काम मतदान दल रवाना होने से वापस लौटने तक करना होगा। रिटर्निंग अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे अपने क्षेत्र के पीठासीन अधिकारियों को शत-प्रतिशत एप डाउनलोड कराने के साथ उसकी समय-समय पर समीक्षा कर रिपोर्ट दें।

### संभागवार सौंपी सीईओ दफ्तर के अफसरों को जिम्मेदारी

चुनाव संबंधी शिकायतों को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने कार्यालय में पदस्थ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों की टीमें संभागवार तैनात कर दी हैं। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री को नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग, राकेश सिंह को इंदौर और उज्जैन संभाग, बसंत कुर्रे को ग्वालियर और चंबल व भोपाल संभाग और रुचिका चौहान को सागर, शहडोल, रीवा संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

हर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ सात अधिकारी-कर्मचारियों की टीम बनाई है। ये अधिकारी 16-17 नवंबर को चुनाव कार्यों से संबंधित दिक्कतों, शिकायतों के निराकरण के लिए काम करेंगे। जिन संभागों से संबंधित शिकायतें होना हैं, उसके लिए इन अधिकारियों से ही संपर्क करने के लिए कहा है।

# थमा प्रचार का शोर, अब मेल मुलाकात पर आयोग की नजर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवंबर को सुबह 7 बजे से मतदान होना है। मतदान के 48 घंटे पहले बुधवार शाम 6 बजे से प्रचार का शोर थम गया। अब राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशी प्रचार नहीं कर पाएंगे। कार्यकतार्ओं से मेल मुलाकात का सिलसिला जारी रहेगा। इस पर जिला निर्वाचन आयोग की नजर रहेगी। इसके साथ ही इंदौर जिले की सभी शराब दुकानें भी बंद हो गई, जो मतदान के बाद ही खुलेंगी।**

विधानसभा चुनाव के लिए इंदौर जिले की सभी नौ विधानसभाओं में चल रहा प्रचार का दौर खत्म हो गया। सुबह से शाम तक प्रत्याशियों ने अंतिम दौर में मतदाताओं तक पहुंचने का प्रयास किया। शाम 6 बजे प्रचार का शोर थमने के साथ ही सभी विधानसभाओं में सेक्टर अधिकारी और अन्य अधिकारी सक्रिय हो गए। प्रत्याशियों और कार्यकतार्ओं द्वारा मतदाताओं से मेल मुलाकात का सिलसिला शुरू होगा। निर्वाचन आयोग ने भी प्रचार थमने के साथ ही मेल मुलाकात पर नजर रखने के लिए एफएसटी की टीमों को प्रत्येक विधानसभा में तैनात किया है। इसके अलावा व्यय प्रेक्षक की टीमें भी सतत निगरानी करेंगी। प्रचार की पाबंदी के साथ ही मतदान वाले दिन तक दिन और रात प्रत्येक विधानसभा में नियमित टीमें मानिटरिंग करेंगी। मतदान के 48 घंटे पहले बुधवार शाम 6 बजे से इंदौर जिले में सभी 176 शराब दुकाने बंद हो गई। साथ ही बार, पब, ढाबे और होटल में भी शराब नहीं परोसी जा सकेगी। मतदान समाप्त होने के बाद शाम को शराब दुकानें खुल सकेंगी।

# कला के रंग प्रदर्शनी 25-26 नवंबर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** 61 कलाकारों की कलाओं को प्रस्तुत करती प्रदर्शनी कला के रंग का आयोजन 25 और 26 नवंबर को किया जा रहा है। देवलालीकर कला वीथिका में सुबह 11.30 बजे से 7 बजे तक इसे देखा जा सकता है । आयोजक दीपक शर्मा के अनुसार इसमें शहर के साथ बाहर के शहरों के कलाकारों के 115 आर्ट प्रदर्शित किए जाएंगे। इसमें ऑयल पेंटिंग , स्केच , एक्रिलिक , क्राफ्ट वर्क प्रदर्शित किए जाएंगे । आयोजन में जरूरतमंद बच्चों के लिए बैग और स्टेशनरी भी डोनेट - की जा सकती है । प्रवेश सभी के लिए निःशुल्क रहेगा ।

# किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल तथा इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रसारण पूर्ण प्रतिबंधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विधानसभा निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। आदर्श आचरण संहिता के चलते 30 नवम्बर की शाम 6.30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 31 अक्टूबर को इस आशय की अधिसूचना जारी की गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो ऐसी अवधि के कारावास से जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुमानें से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

## अहिल्यामाता गौशाला में गोपाष्टमी पर मनेगा उत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** केशरबाग रेलवे क्रासिंग के पास स्थित अहिल्या माता गौशाला पर सोमवार 20 नवम्बर को प्रातः 7.30 से दोपहर 2 बजे तक गोपाष्टमी का महापर्व मनाया जाएगा। इस मौके पर बड़ौदा के श्रीमद वल्लभाचार्य गोस्वामी श्री द्वारकेशलाल महाराजश्री और युवा वैष्णवाचार्य गोस्वामी श्री शरणम कुमार महोदयश्री विशेष रूप से उपस्थित रहकर शहर के गो भक्तों को आशीर्वचन प्रदान करेंगे।

गौशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष रवि सेठी, मंत्री पुष्पेन्द्र धनोतिया एवं संयोजक सी.के. अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर शहर के सैकड़ों गौ भक्त अपने-अपने घरों में विराजमान लड्डू गोपाल को साथ लेकर आएंगे और गौमाता से मिलन एवं परिक्रमा कराएंगे। सभी भक्तों से गौवंश को 56 भोग परोसने के लिए कम से कम आधा किलो प्रसाद भी साथ लेकर आने का आग्रह किया गया है। गौभक्तों को पूजन-अर्चन के लिए विद्वान पंडित एवं पूजन सामग्री की निःशुल्क व्यवस्था गौशाला पर ही उपलब्ध रहेगी। बड़ौदा से आने वाले अतिथि संत द्वारकेशलालजी महराज प्रातः 9.30 बजे से अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा भी करेंगे। गोपाष्टमी पर गौवंश के लिए 56 भोग एवं घर के लड्डू गोपाल के साथ परिक्रमा एवं पूजन का यह दुर्लभ प्रसंग होगा।

# कम उत्पादकता, छोटी भूमि जोत भारतीय कृषि, ग्रामीण विकास की मुख्य चुनौतियां

### नीति आयोग के इंडियन डेवलपमेंट मॉडल वर्कशॉप में बोले डेविश जैन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रोजगार सृजन, आय बढ़ाकर, खाद्य सुरक्षा तथा सामाजिक विकास को बढ़ावा देकर कृषि और ग्रामीण विकास के माध्यम से देश में गरीबी को कम किया जा सकता है। ग्रामीण विकास का अर्थ केवल ग्रामीण क्षेत्रों का बुनियादी ढांचा और कृषि विकास नहीं है, इसमें स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, कृषि आदानों और बाजार पहुंच भी शामिल होनी चाहिए। यह बात सेंटर फॉर एजुकेशन ग्रोथ एंड रिसर्च, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. डेविश जैन ने नीति आयोग द्वारा ईग्रो के सहयोग से आयोजित भारतीय विकास मॉडल पर आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान ग्रामीण विकास और कृषि पर एक तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए कही

उन्होंने कहा कि पिछले दशक में ग्रामीण विकास और कृषि में प्रगति हुई है, जिसमें कृषि सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, खाद्यान्न उत्पादन और ग्रामीण गरीबी में कमी शामिल है। हालांकि, डॉ जैन ने कहा कि देश में कृषि क्षेत्र और ग्रामीण विकास में उत्साहजनक प्रगति के बावजूद, भारत का कृषि क्षेत्र अभी भी कृषि उपज की कम उत्पादकता, छोटी भूमि जोत, आधुनिक प्रौद्योगिकी की कमी और फसल कटाई के बाद के नुकसान जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है।

इन चुनौतियों से पार पाने के लिए, हमें अनुसंधान में निवेश बढ़ाने, भूमि समेकन को बढ़ावा देने, प्रौद्योगिकी पहुंच में सुधार, फसल कटाई के बाद के नुकसान को कम करने और बाजार संपर्क बढ़ाने की आवश्यकता है।

देश में सोयाबीन और तिलहन उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए, डॉ जैन, जो सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भी हैं, ने उच्च उपज और जलवायु-लचीला सोयाबीन और तिलहन किस्मों के विकास के लिए अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने, सोयाबीन और तेल बीज पर किसानों को प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता प्रदान करने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों से निपटने से भारत की आर्थिक वृद्धि और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सकता है। कार्यशाला को भारत सरकार के प्रख्यात शिक्षाविदों, नौकरशाहों ने भी संबोधित किया।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# आदिवासी सीटों पर मजबूत की पकड़, भाजपा का फोकस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भाजपा ने वर्ष 2018 के चुनाव में निर्धारित संख्या में सीट ना मिलने के बाद से ही मंथन में सामने आया कि आदिवासी बहुल 47 सीटों में से केवल 16 की मिली थी और आदिवासी सीटों पर पकड़ कमजोर होती जा रही थी। इस पकड़ को मजबूत करने के लिए भाजपा ने पूरा फोकस किया और जमीनी स्तर पर काम शुरू किया। माना जा रहा है कि इसका असर भी पड़ेगा।

दरअसल 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को आदिवासी सीटों में 47 में से 30 सीटें मिली थीं। अगर 2018 चुनावों के पहले नजर दौड़ाई। 2013 के चुनावों में आदिवासी बहुल 47 में से 31 सीटें भाजपा ने जीती थी। 2018 के परिणामों में भाजपा को यहां से 15 सीटों का नुकसान हुआ था। भाजपा ने गत चार वर्षों में आदिवासी सीटों पर पुनःअपना ध्यान केंद्रित किया। स्वयं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इन सीटों को लेकर लक्ष्य बनाया।

## लव यू जिंदगी श्रृंखला में धमाल पार्टी आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महिला प्रकोष्ठ, अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति द्वारा अपने लव यू जिंदगी कार्यक्रम के तहत 16 नवम्बर को होटल सयाजी में दोपहर 3 बजे से दीपावली डांस पार्टी बनाम धमाल पार्टी का आयोजन रखा गया है। प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रतिभा मित्तल ने बताया कि मतदान के एक दिन पूर्व आयोजित इस पार्टी में सभी सखियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई जाएगी। इसके पूर्व वेस्टर्न ड्रेस में आई सभी सखियों के संघ डीजे की धुन पर नाचने-गाने और गप्पे लड़ाने के साथ ही स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाएंगे।

## फौजिया शेख अलीम म.प्र. कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष मनोनित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने फौजिया शेख अलीम को प्रदेश प्रभारी रणदीपसिंह सुरजेवाला की सहमति से म.प्र. कांग्रेस कमेटी का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनित किया । नियुक्ति का आदेश संगठन प्रभारी महामंत्री राजीव सिंह ने किया । श्रीमति फौजिया शेख अलीम लगातार चार बार से इन्दौर नगर निगम में पार्षद है । पूर्व में नेता प्रतिपक्ष उपनेता के पद पर कार्य कर चुकी है । वर्तमान इन्दौर नगर निगम पार्षद दल की मुख्य सचेतक है । पूर्व में म.प्र. महिला कांग्रेस में महामंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सदस्य रह चुकी है । 2011 में प्रधानमंत्री के पीएम डेलीगेशन में हज यात्रा पर गई थी। इनकी नियुक्ति पर अखिल भारतीय कांग्रेस सचिव सत्यनारायण पटेल, शहर अध्यक्ष सुरजितसिंह चड्ढा, संजय शुक्ला, जीतु पटवारी, अमन बजाज ने बधाई देते हुये कमलनाथ एवं रणदीपसिंह सुरजेवाला का आभार प्रकट किया।

# विधानसभा निर्वाचन की तैयारियां पूर्ण

## मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण आज

**◆ लगभग दो हजार अधिकारी/कर्मचारी सभी मतदान दलों को टेबल-कुर्सियों पर बैठाकर करेंगे सामग्री वितरित**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विधानसभा निर्वाचन के तहत इंदौर जिले में 17 नवम्बर को मतदान होगा। मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान जिले के 2561 मतदान केन्द्रों में होगा। मतदान दल आज गुरूवार 16 नवम्बर को नेहरू स्टेडियम से सामग्री लेकर अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंचेंगे। मतदान दलों को लगभग दो हजार अधिकारी/कर्मचारी टेबल-कुर्सियों पर बैठाकर मतदान सामग्री का वितरण करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने सभी मतदान दलों के अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देश दिये हैं कि वे निर्धारित समय पर स्टेडियम पहुंचे और मतदान मतदान सामग्री प्राप्त करें।**

जिले की सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों के लिये इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन और मतदान सामग्रियां का वितरण 16 नवम्बर को सुबह से नेहरू स्टेडियम से प्रारंभ होगा। इस बार मतदान दलों को सामग्री वितरण के लिये नेहरू स्टेडियम में विशाल डोम तैयार किया गया है। इस डोम के नीचे मतदान केन्द्रवार टेबले लगाई गई है। इन टेबलों पर चार-चार कुर्सियां लगाकर मतदान दलों को बैठाकर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन और मतदान सामग्री वितरित की जायेगी। यह व्यवस्था कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी के मार्गदर्शन में की गई है।

सामग्री वितरण के नोडल अधिकारी और नगर निगम के अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा ने बताया कि नेहरू स्टेडियम में टेबल-कुर्सियों की व्यवस्था विधानसभा क्षेत्रवार रखी गई है। जिले में सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों के कुल 2561 मतदान केन्द्रों के लिये टेबल कुर्सिया रहेंगी। हर विधानसभा क्षेत्र को पहचान के लिये अलग-अलग कलर दिये गये है। उन्होंने बताया कि नौ विधानसभा क्षेत्रों के लिये टेबल-कुर्सियों की 170 खिड़की (कतारे) बनाई गई है। यह खिड़की (कतारे) सेक्टर और मतदान केन्द्रवार रहेंगी। एक खिड़की में अधिकतम 20 मतदान केन्द्र रखे गये है। विधानसभा क्षेत्र देपालपुर में 18, इंदौर-1 में 22, इंदौर-2 में 18, इंदौर-3 में 13, इंदौर-4 में 14, इंदौर-5 में 26, महू में 17, राऊ में 21 और सांवेर विधानसभा क्षेत्र में भी 21 खिड़की (कतारे) रहेंगी। सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दलों के प्रवेश और निकासी के लिये विधानसभा क्षेत्रवार अलग-अलग द्वार बनाए गये है। गेट नम्बर-1 राऊ और महू विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों के लिये रहेगा। इसी तरह गेट नम्बर-2 इंदौर-1 और इंदौर-5, गेट नम्बर-6 इंदौर-3 और इंदौर-4, गेट नम्बर-7 इंदौर-2, सांवेर और देपालपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों के लिये बनाया गया है।

मतदान दलों को जिस टेबल से सामग्री दी जायेगी उसी टेबल पर मतदान के पश्चात सामग्री प्राप्त की जायेगी। मतदान सामग्री वितरित और प्राप्ति के लिये 170 दल बनाए गये है। एक दल में चार कर्मचारी और पांच सहायक रखे गये है। इस तरह एक दल में नौ कर्मी रहेंगे। सामग्री वितरण और प्राप्ति के लिये गठित दलों को रवीन्द्र नाट्य गृह में प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

### नेहरू स्टेडियम में मतदान सामग्री वितरण को देखते हुए ट्राफिक व्यवस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान सामग्री का वितरण एवं मतदान के बाद पुनः जमा करने का कार्य नेहरू स्टेडियम में 16 एवं 17 नवम्बर को होगा। इसको देखते हुये स्टेडियम के आस-पास के मार्गो को आम नागरिकों के वाहनों के लिये प्रतिबंधित किया गया है। इसके अनुसार होमगार्ड टी से मेडिकल हॉस्टल चौराहा, जिम खाना से रेसीडेंसी तिराहा, लोक सेवा आयोग कार्यालय चौराहा से पानी की टंकी, रेडियो कॉलोनी से मुस्ताक अली चौराहा से जीपीओ चौराहा तक के मार्ग प्रतिबंधित रहेंगे। इसी प्रकार आजाद नगर जेल तिराहा से पानी की टंकी तथा शिवाजी वाटिका पिपलेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित चौराहा से होमगार्ड टी तक के मार्ग में भी प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

# 9वीं से 12वीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षा का टाइम-टेबल जारी

**◆ पहली पारी में 9वीं-10वीं, दूसरी में 11वीं-12वीं की परीक्षा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। स्कूल शिक्षा विभाग ने 9वीं से 12वीं की अर्धवार्षिक परीक्षाओं का टाइम टेबल घोषित कर दिया। 9वीं-10वीं की परीक्षाएं 6 से 15 दिसंबर और 11वीं-12वीं की 6 से 16 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। 9वीं-10वीं की अर्धवार्षिक परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक होगी। इसके बाद सेकंड शिफ्ट में 11वीं-12वीं की परीक्षा होगी। समय दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक रहेगा। परीक्षा शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार नवंबर माह तक के पाठ्यक्रम और माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी अंक योजना के आधार पर आयोजित होगी।

### रिवीजन का समय भी कम मिलेगा

आधे दिसंबर तक परीक्षा चलने के बाद छात्रों को शेष करीब 35 फीसदी कोर्स पूरा करने के लिए बहुत कम समय मिलेगा। अगर कोर्स को 15 दिन में भी पूरा करने का टारगेट रखा गया तब भी उन्हें रिवीजन के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाएगा। इधर, विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सब कुछ तय कैलेंडर के हिसाब से चल रहा है। विधानसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद अद्र्ध वार्षिक परीक्षा होंगी।

### प्रायोगिक परीक्षाएं भी इसी बीच

लोक शिक्षण संचालनालय ने परीक्षा के आयोजन के संबंध में निर्देश भी जारी किए हैं। इसके तहत परीक्षाकाल में अगर कोई सार्वजनिक अथवा स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है तो भी परीक्षाएं यथावत कार्यक्रम के अनुसार संचालित की जाएंगी। प्रायोगिक विषयों की परीक्षा नौवीं-दसवीं के लिए 6 से 15 दिसंबर के मध्य प्राचार्य अपनी सुविधा के मुताबिक आयोजित कर सकेंगे जबकि हायर सेकंडरी की प्रायोगिक परीक्षा 16 दिसंबर तक ली जा सकेंगी। इसके लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।

### देसी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को इंडस टाउन सब्जी मंडी के पास देसी कट्टे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार आचार संहिता के चलते पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान के दौरान आकाश पिता केदार सोनवे (24) निवासी इंडस टाउन के पास से एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया।

# लगातार तीसरी रात पारा 16डिग्री के नीचे

## 6 किमी की रफ्तार की हवा से मौसम में घुली ठण्डक; अभी और तीखे होंगे ठण्ड के तेवर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पिछले तीन दिनों से मौसम में खासी ठण्डक घुली है। अभी हवा की रफ्तार 6 किमी प्रति घंटा होने से मौसम में ठण्डापन है। पिछले तीन दिनों से रात का तापमान 16 डिग्री से नीचे है जबकि दिन का पारा भी तीन दिनों से 30 डिग्री के है। मौसम वैज्ञानिकों ने नवम्बर के आखिरी हफ्ते में ठण्ड के तेवर और तेज होने के आसार जताए हैं।**

इस माह 13 नवम्बर से मौसम में ठण्डापन शुरू हुआ जो अभी भी बना हुआ है। बुधवार को दिन का तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि रात का तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस रहा। अभी दो दिन से 6 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पूर्वी हवा चल रही है जिससे मौसम में ठण्डक घुली हुई है। गुरुवार अलसुबह भी मौसम ठण्डा था तथा दृश्यता 3 हजार मीटर तक थी। धूप खिलने के बाद ठण्ड कुछ कम जरूर हुई है लेकिन दिन के तापमान में पहली की तुलना में गिरावट है।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी उत्तरी भारत में बर्फबारी होने से इसका असर इंदौर, मालवा निमाड़ सहित कई हिस्सों में है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी होने से हवाओं का रुख भी बदला है। अभी दिन और रात के तापमान में गिरावट होगी जबकि माह के आखिरी हफ्ते में ठण्ड तेज असर दिखाएगी।

### ◆ डेंगू मरीजों की संख्या थमी

उधर, पिछले छह दिनों से डेंगू का एक भी नया मरीज नहीं मिला है। 9 नवम्बर को आखिरी बार 6 नए मरीज मिले थे। हालांकि इसके बाद त्यौहारों के चलते अस्पतालों व क्लिनिकों में मरीजों की संख्या कम भी रही। दूसरी ओर सामान्य सर्दी, खांसी व बुखार के मरीजों की संख्या भी अभी सामान्य ही है।

**◆ हाई कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव ...**

## कोर्ट अवकाश के चलते प्रत्याशी वकीलों ने बदली प्रचार नीति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। पूर्व में हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव 8 नवंबर को चुनाव तय हुए थे , लेकिन बाद में इसे बढ़ाकर 22 नवंबर कर दिया गया था जिसके चलते 22 नवंबर को बार के चुनाव होने जा रहे हैं । उधर कोर्ट में दीपावली के अवकाश शुरू हो जाने की वजह से प्रत्याशियों का प्रचार भी प्रभावित हो गया। हाई कोर्ट में छुट्टियों की वजह से प्रत्याशियों को खासी मशक्कत करना पड़ रही है । वे मोबाइल पर संपर्क करने के साथ ही घर - घर जाकर भी वोट के लिए मनुहार कर रहे हैं । वहीं दीपावली मिलन समारोह के नाम पर भी प्रचार तैयारी की जा रही है। एसोसिएशन के करीब 13 सौ सदस्य वोट डालते हैं । हाइकोर्ट बार एसोसिएशन के बाद इंदौर अभिभाषक संघ के चुनाव की हलचल शुरू हो जावेगी हालांकि अभी उनकी तिथि घोषित नहीं हुई है ।

# रिजर्व इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों और मतदान केन्द्रवार मतदान दलों का रेण्डमाइजेशन संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिये व्यापक तैयारियां जारी हैं। इस सिलसिले में आज कलेक्टर कार्यालय में प्रेक्षकों और राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में रिजर्व इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का द्वितीय पूरक रेण्डमाइजेशन किया गया। इसके पूर्व प्रेक्षकों और कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा की मौजूदगी में मतदान केन्द्रवार मतदान दलों का रेण्डमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकगण श्री आलोक कुमार पाण्डे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी, प्रेक्षकगण श्री अरविंद पाल सिंह संधू, श्री विजय पाल सिंह, श्री व्ही.जे. राजपूत, श्री अश्विनी कुमार मिश्रा तथा श्री अमित खत्री भी मौजूद थे। इस अवसर पर जिले में 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिये द्वितीय पूरक रेण्डमाइजेशन करते हुये 12 बीयू, 20 सीयू तथा 67 वीवीपेट का आवंटन हुआ। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र देपालपुर में 278, इंदौर-1 में 314, इंदौर-2 में 301, इंदौर-3 में 193, इंदौर-4 में 212, इंदौर-5 में 364, डॉ. अंबेडकर नगर महू में 269, राऊ में 318 तथा सांवेर विधानसभा क्षेत्र में 312 मतदान दलों को मतदान केन्द्र रेण्डमाइजेशन कर आवंटित किये गये।

### विजयवर्गीय के लिए मोदी-राजनाथ, संजय के लिए सिर्फ प्रियंका

इन्दौर। क्षेत्र क्रमांक एक में अब तक राजनाथ सिंह से लेकर कई केंद्रीय मंत्रियों की आमद हो चुकी है। पीएम नरेंद्र मोदी भी क्षेत्र में रोड शो कर चुके हैं। जबकि कांग्रेस की तरफ से अब तक अकेले संजय ही अपनी टीम के संग लड़ रहे हैं। उनके लिए प्रियंका गांधी ने एक छोटा रोड शो जरूर किया। लेकिन प्रदेश का कोई बड़ा नेता अब तक नजर नहीं आया। कमलनाथ जरूर आए थे, लेकिन नामांकन दाखिल कराने के बाद पलटकर अब तक नहीं आए।

# थ्री-लेयर सुरक्षा घेरे में रहेंगे नक्सल प्रभावित मतदान केंद्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने बुधवार शाम पुलिस कंट्रोल रूम में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व आयोग के निर्देशों के पालन के संबंध में प्रेसवार्ता आयोजित की।**

डीईओ डॉ. मिश्रा ने बताया कि जिले की बैहर, लांजी और परसवाड़ा विधानसभा में गुरुवार दोपहर 3 बजे और बालाघाट, कटंगी और वारासिवनी में शाम 6 बजे प्रचार थम गया है। अब इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में राजनीतिक दलों में प्रचार प्रतिबंधित होगा। जिले के 1675 मतदान केंद्रों पर संचार व्यवस्था पूरी तरह तैनात की गई है। सिर्फ 9 मतदान केंद्र शेडो एरिया में है, यहां रनर के माध्यम से थाने और फिर कंट्रोल रूम तक सूचना पहुंचाने के लिए रेडियो सेट का उपयोग किया जाएगा। साथ ही 99 प्रतिशत पीठासीन अधिकारियों को मत प्रतिशत एप्प डाउनलोड करा दिया गया है।

मतदान केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने कहा कि 319 मतदान केंद्र नक्सल प्रभावित है। इन मतदान केंद्रों के लिए 3 लेयर में सुरक्षा के बंदोबस्त किए गए है। एसपी समीर सौरभ ने बताया कि 12000 का फोर्स हमें मिला है। 319 मतदान केंद्रों पर सीएपीएफ का एक फूल सेक्शन के अलावा हॉक फोर्स तथा ड्रोन के माध्यम से भी निगाह रखी जाएगी। साथ ही मुख्य निर्वाचन कार्यालय से एक हेलीकाप्टर और एक एयर मेडिसिन एम्बुलेंस भी दिया जाएगा।

आयोग के निर्देशानुसार करीब 1100 मतदान केंद्र वेब कास्टिंग और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में देखा जा सकेगा। ईवीएम के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हर सेक्टर अधिकारियों के पास अतिरिक्त रूप से 2-2 या 3-3 ईवीएम उपलब्ध होगी। मतदान केंद्रों को क्लोजली वाचिंग के पूरे इंतजाम किए गए है।

## रतलाम में 700 मीटर लंबा बनेगा नया प्लेटफॉर्म

### डिपो की बाउंड्री तोड़कर रेलवे लेगा जगह; 24 कोच की ट्रेनें चल सकेंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम-नीमच और रतलाम-इंदौर ब्रॉडगेज दोहरीकरण के बाद बढ़ने वाले रेल यातायात के मद्देनजर रेलवे ने नया प्लेटफॉर्म बनाने की योजना को भी गति दे दी है। यह बंद प्लेटफॉर्म एक के दूसरी ओर कॉनकोर डिपो वाली तरफ बनेगा। वर्तमान में वहां डेढ़ से दो मीटर जगह उपलब्ध है, लेकिन प्लेटफॉर्म का नया ट्रैक डालने केलिए कम से कम पांच से छह मीटर जगह चाहिए। रेलवे यह जगह बंद हो चुके कॉनकोर कंटेनर डिपो की जगह में से लेगा। इसके लिए डिपो की बाउंड्रीवॉल को तोडकर चार से साढ़े छह मीटर पीछे बनाया जाएगा। प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहनाने के लिए इंजीनियरिंग विभाग के इंजीनियरों ने सर्वे कर लिया है। इंजीनियरिंग विभाग की योजना के अनुसार नया प्लेटफॉर्म लगभग 700 मीटर लंबा बनाया जाएगा। इससे फूललेंथ वाली सबसे लंबी 24 कोच की ट्रेनों का संचालन भी किया जा सकेगा।

**वायरल ऑडियो पर अमरपाटन में माहौल गरमाया**

## देर रात समर्थकों के साथ थाने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी, 10 वॉट्सऐप ग्रुप एडमिनों पर एफआइआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना। सोशल मीडिया पर एक ऑडियो क्लिप वायरल होने के बाद अमरपाटन में सियासी पारा चढ़ गया और अचानक हंगामें का माहौल हो गया। कांग्रेस प्रत्याशी देर रात समर्थकों के साथ थाने पहुंच गए और शिकायत दर्ज करने की मांग पर अड़ गए।**

जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात अमरपाटन से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह अपने तमाम समर्थकों के साथ अमरपाटन थाना जा पहुंचे। वे सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक ऑडियो को उनसे जोड़े जाने पर नाराजगी जता रहे थे और मुकदमा दर्ज कर दोषी को तलाशने और उस पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग पर अड़े थे। देर रात थाना में कांग्रेस प्रत्याशी की मौजूदगी की खबर लगने पर कुछ ही देर में वहां भीड़ और बढ़ गई तथा माहौल हंगामाई हो गया।

सूचना मिलने पर मैहर से एसडीओपी राजीव पाठक अमरपाटन पहुंचे और उन्होंने डॉ सिंह से चर्चा कर मामले की जानकारी ली। लेकिन भीड़ वहां से तभी हटी जब पुलिस ने ऑडियो में बात करने वाले अज्ञात व्यक्ति के अलावा ऑडियो वायरल करने वाले लगभग 10 वॉट्सऐप ग्रुप एडमिनों के खिलाफ शिकायत दर्ज की। डॉ सिंह का कहना था कि ऑडियो में बात करने वाले व्यक्ति से उनका न तो कोई वास्ता है और न ही वे उसे जानते हैं। यह सब चुनावी दौर में उनके खिलाफ रची गई बदनाम कर माहौल बिगाड़ने की एक सुनियोजित साजिश है।

बुधवार को सोशल मीडिया पर एक ऑडियो क्लिप वायरल हुई जिसमें एक व्यक्ति खुद को कांग्रेस प्रत्याशी डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह का पैरोकार बताते हुए सामने वाले को गालियां देते हुए धमका रहा था। धमकी देने वाला खुद को क्षत्रिय समाज का बताते हुए किसी कुशवाहा परिवार के सदस्य पर यह कहते हुए बरस रहा था कि उसने भाजपा प्रत्याशी रामखेलावन पटेल को माला क्यों पहनाई? हालांकि सामने वाले ने अपनी सफाई में यह बताया कि वे जनसंपर्क के दौरान उसके यहां पहुंचे थे लिहाजा उसने शिष्टाचार के नाते ऐसा किया लेकिन गालियां देने वाला कुछ भी सुनने को तैयार नहीं था।

## चुनावी सरगर्मी के बीच गिरा प्रदेश के 17 शहरों में पारा

### सर्द हवाओं ने बढ़ाई सिहरन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** उत्तर भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं ने पूरे प्रदेश में सिहरन और बढ़ा दी है। मंगलवार-बुधवार के बीच की रात सबसे कम 12.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दतिया में दर्ज किया गया। प्रदेश के 17 शहरों में रात का पारा 15 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। हिल स्टेशन पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। हालांकि राजधानी में रात के समय कुछ बादल जाने से रात का तापमान 2.2 डिग्री से बढ़कर 15 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मंगलवार को रात का तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। वहीं, बुधवार को पूरे प्रदेश में दिन के तापमान में भी मामूली गिरावट दर्ज हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, अभी तीन-चार दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। इस दौरान रात के तापमान में कुछ और गिरावट हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अशफाक हुसैन ने बताया कि पिछले दिनों उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी के साथ मैदानी क्षेत्रों में वर्षा भी हुई। वर्तमान में हवाओं का रुख उत्तरी एवं उत्तर-पूर्वी होने से पूरे मध्य प्रदेश में ठंड बढ़ने लगी है।

#### दिन-रात के तापमान में गिरावट

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में उत्तर भारत क्षेत्र में कोई भी प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। हवाओं का रुख उत्तरी एवं उत्तर-पूर्वी बना हुआ है। इस वजह से दिन-रात के तापमान में गिरावट होने लगी है। अभी तीन-चार दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बने रहने की संभावना है। उसके बाद एक प्रभावी पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में सक्रिय होने के संकेत मिल रहे हैं।

## आमने-सामने आने पर सिंधिया के काफिले को लौटना पड़ा, कांग्रेसियों ने लगाए नारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से **दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो करने के लिए जा रहे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का काफिला बुधवार की दोपहर को कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक की रैली के सामने आ गया।**

कांग्रेसियों ने पार्टी का ध्वज लहराते हुए नारे लगाने शुरु दिए। विषम परिस्थिति उत्पन्न होने पर सिंधिया के काफिले को वापस लौटना पड़ा। दक्षिण विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नारायण सिंह के लिए सिंधिया पूरा जोर लगा रहे हैं। सिंधिया की टीम भी दक्षिण में लगी हुई है। दूसरी तरफ प्रवीण पाठक पैर में फेक्चर होने के बाद चुनाव प्रचार के लिए मैदान में डटे हुए हैं। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भी प्रवीण पाठक क्षेत्र के जनसमुदाय के साथ पैदल रैली निकाली।

### नारायण सिंह कार्यकर्ताओं को एक जुट नहीं कर पाए

ग्वालियर दक्षिण विधानसभा में चुनाव से पहले भाजपा में घमासान मचा हुआ था। इस घमासान के बीच पार्टी ने नारायण सिंह के जातिगत समीकरणों के आधार पर टिकट तो मिल गया। किंतु चुनाव प्रचार के अंत तक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को साधने में नाकाम रहे हैं। क्षेत्र के लोगों से पांच वर्ष सीधा संपर्क भी उनका नहीं रहा है। भाजपा के मूल कार्यकर्ता की बजाए सिंधिया लाबी ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल रखी है। दूसरी तरफ चुनाव से पहले प्रवीण पाठक चुनाव से पहले अपने क्षेत्र में पैदल पदयात्रा कर चुके हैं। सिंधिया ने नारायण सिंह को मजबूत करने के लिए अपनी ताकत लगा दी है। चुनावी सभाओं के साथ सिंधिया कई बार कार्यकर्ताओं की बैठक ले चुके हैं।

### पुलिस की लापरवाही

पुलिस की लापरवाही सामने आई है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया लोहिया बाजार में भाजपा प्रत्याशी माया सिंह के रोड शो में शामिल होकर निकले। उन्हें महाराज बाड़े पर दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी के रोड शो में शामिल होना था। उन्हें महाराज बाड़ा ले जाने के लिए लोहिया बाजार से हुजरात पुल, राक्सी पुल, माधोगंज चौराहा, गोरखी स्काउट वाला रास्ता चुनना था, लेकिन पुलिस संकरे रास्ते से काफिला ले गई। कोतवाली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने बैंड मार्केट से दौलतगंज वाले रूट पर काफिले को निकाला। जबकि यहां पहले से कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक का रोड शो निकल रहा था। इस दौरान केंद्रीय मंत्री का काफिला दौलतगंज में फंस गया। यहां कांग्रेसियों ने नारेबाजी भी की। काफिला वापस लौटाना पड़ा। फिर केंद्रीय मंत्री का काफिला वापस लौटा और दूसरे रास्ते से काफिले को ले जाया गया।

## भोपाल बोट क्लब पर 40 किलो रंगों से बनाई रंगोली

### वोटर अवेयरनेस के लिए 400 स्क्वायर फीट में तैयार की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल में 17 नवंबर को मतदान होना है। शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने बुधवार को बोट क्लब पर 400 स्क्वायर फीट की रंगोली बनाई गई। वोटर अवेयरनेस के लिए रुष्ठक्र और जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह साझा पहल की। जागरुकता के लिए रंगोली को भोपाल के 5 स्थानीय कलाकार धर्मेंद्र मेवाड़े, टीनू बाला, ऋषि बाथम, आनंद नंदेश्वर और आशीष कोरसा ने कई घंटों की मेहनत और 40 किलो रंगों से तैयार किया। बड़ी संख्या में बोट क्लब घूमने आए लोग रंगोली देखने पहुंचे।

## कमलनाथ बोले- तोमर के बेटे का मामला राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा

**भोपाल। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र तोमर के बेटे के लेने-देन के वायरल वीडियो को लेकर पीसीसी चीफ कमलनाथ ने सवाल किए हैं। कमलनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा- मैं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से जानना चाहता हूं कि उनके लिए सबसे पहले पार्टी और परिवार का हित है या देशहित?**



केंद्रीय मंत्री और विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी नरेंद्र तोमर के बेटे के तीन वीडियो सामने आ चुके हैं। कथित तौर पर 100 करोड़ रुपए के लेन-देन से शुरू हुआ मामला 10000 करोड़ तक पहुंच चुका है। इसमें मादक पदार्थों के व्यापार और कनाडा से सीधा संबंध दिखाया जा रहा है। कमलनाथ ने कहा- यह मामला किसी व्यक्ति या पार्टी का नहीं है, बल्कि सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा और नशे के कारोबार से जुड़ता हुआ दिख रहा है। इसकी तत्परता से जांच होनी चाहिए, लेकिन दुख की बात यह है कि भाजपा का पूरा राष्ट्रीय नेतृत्व इस समय मध्यप्रदेश में है और इस मुद्दे पर कोई एक शब्द नहीं बोल रहा है। जो लोग राष्ट्रहित के सामने निजी हित को आगे रख रहे हैं, उन्हें एमपी माफ नहीं करेगा।

Jharkhand

# पीएम मोदी की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर तीन पुलिसकर्मी निलंबित, अचानक काफिले के सामने आई थी महिला

**रांची, (एजेंसी)** झारखंड की राजधानी रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में एक बड़ी चूक होने के मामले में तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। मोदी आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर दो दिवसीय दौरे पर झारखंड गए थे।

पीएम मोदी की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों में बुधवार को उस उक्त अफरा-तफरी का माहौल हो गया था, जब प्रधानमंत्री जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा मेमोरियल सह पार्क जा रहे थे। इसी दौरान रेडियम रोड में अचानक एक महिला प्रधानमंत्री के काफिले के आगे आ गई। महिला के अचानक कारकेड में घुसने की वजह से इमरजेंसी ब्रेक लगाना पड़ा। कुछ ही सेकेंड में मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मी महिला को वहां से हटाकर किनारे ले गए। इसके बाद पीएम का काफिला आगे बढ़ा।



एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान ड्यूटी में लापरवाही बरतने के लिए एक एएसआई और दो कांस्टेबल को निलंबित किया गया है। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में एएसआई अबू जफर, कांस्टेबल छोटेलाल टुडू और कांस्टेबल रंजन कुमार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पकड़ी गई महिला की पहचान संगीता झा के रूप में हुई है। वह कथित तौर पर अपने पति से परेशान थी और उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराना चाहती थी। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पूछताछ के दौरान महिला ने बताया कि उसकी शादी 2012 में झारखंड के देवघर जिले के जमुनी गांव में एक व्यक्ति से हुई थी। साल 2016 के बाद उनके बीच आए दिन झगड़ा होने लगा। सिन्हा ने बताया कि महिला चाहती थी कि पति का वेतन उसके खाते में आए। इस सिलसिले में वह इस साल अक्तूबर में प्रधानमंत्री से मिलने दिल्ली भी गई थीं और वहां 10 दिन तक रहीं।

Haryana

## पिता बना हैवान, बच्चों को जहर देकर फरार; 2 बहनों की मौत और 2 लड़ रहे जिंदगी से जंग

**रोहतक, (एजेंसी)** हरियाणा के रोहतक जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक पिता ने कथित तौर पर अपने बच्चों को जहर दे दिया और फरार हो गया। इस घटना में दो बहनों की मौत हो गई है, जबकि बाकी की भाई-बहनों को रोहतक के पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक सात साल की लड़की और एक साल के लड़के का इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जबकि 10 और 7 साल की दो बहनों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि पिता कर्ज के बोझ से आजिज आकर अपने बच्चों को जहर दे दिया।

रोहतक पुलिस के ने बताया कि आरोपी पिता बढ़ई का काम करता था और बताया जा रहा है कि वह कर्ज में डूबा हुआ था और स्थानीय लोगों का कर्ज चुकाने में असमर्थ था। प्रवक्ता ने कहा, 'घटना तब हुई जब आरोपी की पत्नी धान के खेतों में मजदूरी करने गई थी और वह बच्चों के साथ घर पर था। मंगलवार को आरोपियों ने उन्हें कोई जहर दे दिया, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई।

Uttarakhand

## सुरंग से मजदूरों के रेस्क्यू के लिए लगाई गई अमेरिकन ऑगर मशीन, 5M प्रति घंटे की स्पीड से करेगी कटाई

**उत्तरकाशी, (एजेंसी)** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में ढही सुरंग में फंसे 40 मजदूरों को निकालने का प्रयास आज 5वें दिन भी जारी है. पिछले 96 घंटे से ये मजदूर सुरंग में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं. सुरंग में फंसे हुए श्रमिकों को भोजन और दवाओं की आपूर्ति की जा रही है. रेस्क्यू दल श्रमिकों के साथ नियमित बातचीत कर रहा है, ताकि मजदूरों में जिंदा रहने की आशा बनी रहे. दूसरी ओर मजदूरों को निकालने के लिए पास बनाने का प्रयास भी जारी है. इसके लिए वायुसेना के तीन परिवहन विमानों से एक भारी ड्रिलिंग मशीन को दिल्ली से एयरलिफ्ट किया गया. दरअसल, ब्रह्मखाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिल्क्यारा और डंडालगांव के बीच 4.5 किलोमीटर लंबी सुरंग बन रही है. 12 नवंबर को सुरंग का एक हिस्सा ढह गया.

Uttarpradesh

## इटावा में दूसरा बड़ा रेल हादसा, यूपी से बिहार तक आफत, छठ यात्रियों में दहशत

**इटावा, (एजेंसी)** इटावा में 10 घंटे के अंदर दूसरा बड़ा रेल हादसा हो गया। वैशाली एक्सप्रेस में लगी आग से 19 यात्री घायल हो गए। ट्रेन नई दिल्ली से सहरसा जा रही थी, इटावा के पास गुरुवार तड़के तीन बजे यह हादसा हुआ। 10 घंटे के अंदर दूसरी ट्रेन में आग लगने से रेल अफसरों के होश उड़ गए। देर रात दिल्ली से चलकर सहरसा बिहार जा रही 12554 वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन इटावा स्टेशन के आउटर पर पहुंची थी तभी स्लीपर कोच एस-6 में यात्रियों ने धुआं उठते देखा। सूचना देकर जब तक ट्रेन रोकी जाती धुंआ तेज हो गया, इस पर यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचायी। आग से झुलसने और चलती ट्रेन से कूदने में 19 यात्री घायल हो गए। पहले हादसे से तीन घंटे दिल्ली हावड़ा रूट प्रभावित हुआ। 7 राजधानी, 2 शताब्दी समेत 54 ट्रेनें देरी से अपने गंतव्य की ओर पहुंचीं। दूसरे हादसे के बाद 4 घंटे ट्रैक प्रभावित रहा। फरक्का और ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन समेत 6 ट्रेन ही प्रभावित हुईं। वहीं बुधवार की शाम 5.35 बजे नई दिल्ली से दरभंगा जा रही 02570 स्पेशल क्लोन हमसफर सुफर फास्ट ट्रेन में भीषण आग लगी। एस वन बोगी के यात्री चीत्कार करने लगे। कोई खिड़की से कूदने लगा तो कोई जल्दी आगे निकलने का प्रयास करने लगा। कुछ यात्रियों ने तो बोगी की मजबूत खिड़की को भी बाहर निकलने के लिये पूरी ताकत से तोड़ने का प्रयास किया।

खेल

# भारत 12 साल बाद फाइनल में, न्यूजीलैंड से लिया 2019 की हार का बदला कोहली-अय्यर के बाद छाए शमी

**मुंबई।** भारत ने विश्व कप के फाइनल में जगह बना ली है। उसने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बुधवार (15 नवंबर) को रोमांचक मैच में न्यूजीलैंड को 70 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने 2019 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली हार का बदला भी ले लिया। भारतीय टीम 12 साल बाद टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। पिछली बार 2011 में टीम इंडिया ने घरेलू मैदान पर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी टीम चैंपियन बनी थी। भारतीय टीम अब 19 नवंबर को होने वाले फाइनल में ऑस्ट्रेलिया या दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी।

भारत चौथी बार विश्व कप के फाइनल में पहुंचा है। 1983 में कपिल देव की कप्तानी में



वेस्टइंडीज को हराकर पहली बार खिताब जीता था। 2003 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। तब सौरव गांगुली कप्तान थे। इसके आठ साल बाद 2011 में जब भारत फाइनल में पहुंचा तो उसने श्रीलंका को हराकर दूसरी बार खिताब जीत लिया।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में चार विकेट खोकर 397 रन बनाए थे। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 48.5 ओवर में 327 पर सिमट गई। भारत की जीत में विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और मोहम्मद शमी का योगदान अहम रहा। कोहली ने 117 और अय्यर ने 105 रन की पारी खेली। वहीं, मोहम्मद शमी ने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए सात विकेट अपने नाम किए। तीनों ने मिलकर भारत को लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में नहीं हारने दिया। 2015 में ऑस्ट्रेलिया और 2019 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया अंतिम-4 के मुकाबले में हार गई थी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने शानदार शुरुआत की। पहले रोहित ने तेज गति से रन बनाए फिर गिल ने आक्रामक बल्लेबाजी की। रोहित ने विश्व कप में अपने 50 छक्के पूरे किए और टीम का स्कोर पावरप्ले के अंदर 50 रन के पार पहुंच गया। रोहित शर्मा साउदी की गेंद पर छक्का लगाने के प्रयास में 47 के निजी स्कोर पर आउट हो गए। हालांकि, पावरप्ले में टीम इंडिया एक विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाने में सफल रही। गिल और कोहली ने भारत का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया।

सिनेमा

## फैन को थप्पड़ जड़ते नाना पाटेकर का वीडियो वायरल, डायरेक्टर बोले-ये फिल्म का सीन है!



बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर नाना पाटेकर यूं तो अपनी दमदार एक्टिंग और रोल्स को लेकर सुर्खियां बटोरते हैं, लेकिन इस बार वो लोगों के निशाने पर आ गए हैं. दरअसल, नाना पाटेकर ने एक फैन को गुस्से में थप्पड़ जड़ दिया है. फैन को मारते हुए एक्टर का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. अब नाना की फिल्म के डायरेक्टर ने दावा किया है कि वायरल हो रहा वीडियो उनकी फिल्म का शॉट है.

नाना का वीडियो वाराणसी के दशाश्वमेध घाट का है. एक्टर बीते कई दिनों से यहां अपनी अपकमिंग फिल्म 'जर्नी' की शूटिंग कर रहे हैं. दशाश्वमेध घाट पर जाने वाले रास्ते पर नाना की फिल्म 'जर्नी' की शूटिंग चल रही थी. नाना शूटिंग के लिए कपड़े पहनकर और हैट लगाकर तैयार थे. नाना का ध्यान शूटिंग और अपने डायलॉग्स पर था.

तभी पीछे से एक लड़का वहां आकर नाना से सेल्फी लेने की रिक्वेस्ट करने लगा और फिर बिना इजाजत लिए ही नाना के साथ सेल्फी भी लेने लगा.फैन की ये हरकत नाना को बिल्कुल पसंद नहीं आई. वो आपा खो बैठे और फिर लड़के को गुस्से में जोर से थप्पड़ जड़ दिया. थप्पड़ मारने के बाद नाना उस लड़के को कुछ

# संपादकीय

## आज भी आधी-अधूरी

पर्वतीय क्षेत्र की हर सड़क के किनारे क्रैश बैरिअर, पैराफिट लगाने सहित अन्य सभी सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। पर्वतीय मार्गों पर कई जगहों पर अचानक आने वाले ऐसे मोड़ होते हैं, जहां अतिरिक्त सावधानी नहीं बरती जाए तो उसका नतीजा भयावह हो सकता है। ऐसे अप्रत्याशित हादसों को रोकने के लिए जोखिम वाली हर सड़क के किनारे क्रैश बैरिअर लगाए जाने की बातें आज भी आधी-अधूरी हैं। बुधवार को किश्तवाड़ से जम्मू की ओर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर करीब तीन सौ फुट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में कम से कम छत्तीस लोगों की मौत हो गई और उन्नीस बुरी तरह घायल हो गए। यह पिछले कुछ समय में हुए बड़े हादसों में से एक है, जो बताता है कि तमाम संसाधनों और विकासात्मक गतिविधियों के बावजूद सड़क सुरक्षा को लेकर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। शुरुआती जांच में पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त सड़क पर तीन बसें एक साथ चल रही थीं। आगे निकलने की होड़ में एक बस अनियंत्रित हो गई और खाई में जा गिरी। हैरानी की बात यह है कि पहाड़ों की ऊंचाई में बनी सड़कों पर चलने के बावजूद चालक को पल भर के लिए भी यह नहीं लगा कि उसकी सबसे मामूली चूक का हश्र क्या हो सकता है। सवाल है कि अगर होड़ लगाने की वजह से ही यह हादसा हुआ तो ऐसे इलाके में वाहन चलाते हुए किसी भी चालक को इस तरह की आपराधिक लापरवाही बरतने से रोकने के लिए क्या प्रशासन की ओर से कोई इंतजाम नहीं है? निश्चित रूप से जोखिम से भरी किसी भी सड़क पर वाहनों के बीच आगे निकलने की होड़ लगाने जैसी लापरवाही के लिए शून्य सहनशीलता की नीति होनी चाहिए। इसके लिए वाहन चालकों के प्रति जिस हद तक सख्त नियम लागू करने पड़ें, किए जाने चाहिए। लेकिन किसी अन्य वजह से भी अगर कोई बस अनियंत्रित हो जाती है तो सड़क किनारे ऐसे मजबूत सुरक्षा घेरे क्यों नहीं लगाए जा सकते, जो हादसे के ज्यादा गंभीर रूप लेने से रोकने में मददगार साबित हों? यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि पहाड़ी राज्यों में आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं और ऐसी हर घटना के बाद पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा होती है, इन इलाकों में सुरक्षा इंतजामों को लेकर कुछ दिन चर्चा होती है, मगर ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ कोई सक्रियता नहीं दिखती। किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि ऐसे इंतजाम किए जाएं, नियमों को जमीनी स्तर पर लागू करने को लेकर ऐसी सख्ती हो, ताकि भविष्य में वैसा फिर न हो। मगर आए दिन होने वाले त्रासद हादसे हर स्तर पर बरती जाने वाली उदासीनता को ही दर्शाते हैं।

**अर्ज किया है..!**

*"मेरा इश्क भी सूफियाना हो गया जनाब*
*वो दे न पाये और*
*हम मांग ना सके..."*

॥ॐ॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**जिसको बात-बात में बुरा लगे उसका संग नहीं करना, बात-बात में मुँह चढ़ जाए उनका संग मत करना। और फिर हम जानते हैं कि यह आदमी सतत झूठ बोलता है, उसका संग नहीं करना।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**Health is Wealth**

# आसानी से नहीं पच पाते ड्राय फ्रूट्स

**तो इन तरीकों से खाएं**



*सर्दियों के मौसम में ड्राय फ्रूट खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ड्राय फ्रूट्स खाने से न सिर्फ आपकी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग होती है बल्कि इससे आपका शरीर भी गरम रहता है। कई लोग ऐसे होते हैं जिन्हें ड्राय फ्रूट खाना तो बहुत पसंद होता है लेकिन उन्हें ड्राय फ्रूट्स आसानी से डाइजेस्ट नहीं होते हैं। ऐसे में उन लोगों को सूखे तरीके से ड्राय फ्रूट्स न खाकर कुछ दूसरे तरीकों से इन्हें खाना चाहिए। आइए, जानते हैं ड्राय फ्रूट्स खाने के तरीके-*

### भिगाकर खाएं

ड्राय फ्रूट्स खाने का सबसे अच्छा तरीका है कि इन्हें भिगाकर खाएं। इससे न सिर्फ ड्राय फ्रूट ज्यादा पौष्टिक हो जाते हैं बल्कि ये आसानी से आपको डाइजेस्ट हो जाते हैं। आप सुबह खाली पेट भी इन्हें खा सकते हैं।

### दूध में डालकर खाएं

आपको अगर सूखे ड्राय फ्रूट्स खाने में प्रॉब्लम होती है, तो आप दूध में डालकर भी ड्राय फ्रूट्स खा सकते हैं। आप बादाम और काजू को पीसकर दूध में डालकर पी सकते हैं।

### ड्राय फ्रूट्स का हलवा

ड्राय फ्रूट्स का हलवा बनाने के लिए आपको गेहूं के आटे का इस्तेमाल करना है। सबसे पहले देसी घी में एक कटोरी गेहूं के आटे को भून लें। अब इसमें पिघला हुआ गुड़ डालकर मिला लें। आप अब इसमें अपनी पसंद के ड्राय फ्रूट्स डालें और गरमा-गरम सर्व करें।

### ड्राय फ्रूट्स लड्डू

ड्राय फ्रूट्स लड्डू बनाने के लिए आपको मुरमुरे चाहिए। मुरमुरे लेकर इसमें पिघला हुआ गुड़ डाल दें। अब इसमें ड्राय फ्रूट्स काटकर डाल दें। अब इसे बनाकर आप एयरटाइट कंटेनर में रख सकते हैं।

## Highlights

- **Video shows PM sharing a laugh with kids, showing them coin trick**
- **Thai company that saved kids from cave contacted for Uttarakhand tunnel rescue**
- **Udupi quadruple murder:Prime suspect held from Belagavi, confesses**
- **Fake Audio in Video of Shivraj Singh's Saint Chat**
- **Part of Chandrayaan-3 launcher uncontrollably re-enters Earth's atmosphere: ISRO**
- **3 policemen suspended over lapse in PM's security in Jharkhand**

# Arrowhead Seperation Engineering IPO opens with price band of ₹233




**NEW DEIHI, (Agency).** Arrowhead Seperation Engineering's IPO is open for subscription and will run until Mondaywith a price band set at ₹233. Investors can bid for a minimum of 600 shares.

Arrowhead Seperation Engineering Limited engages in manufacturing, distributing, and importing various dryers such as Totally Enclosed Single Drum Dryers, Continuous Particulate Dryers, Rotary Dryers, Single Drum Dryers, Double Drum Dryers, Paddle Dryers, and Flaker Systems. The primary focus of the company is to meet customer satisfaction by consistently delivering high-quality products that meet or exceed expectations.

Arrowhead Seperation IPO details

The IPO is a fresh issue of 5,58,000 equity shares, totaling ₹13 crore, with no offer for sale component.

The net proceeds from the IPO will be utilised for working capital, repaying NBFC loans, and general corporate purposes. The registrar is Cameo Corporate Services Limited, the lead manager is Aryaman Financial Services Limited, and Aryaman Capital Markets serves as the market maker.

2. Find the Invest section.

3. Choose Arrowhead IPO.

4. Apply using ASBA (Application Supported by Blocked Amount).

## Ernst & Young names Janet Truncale as first female CEO of Big Four firm

**NEW DEIHI, (Agency).** Ernst & Young LLP picked Janet Truncale as its next chief executive officer, placing the first woman atop a Big Four audit firm.

She will succeed Carmine Di Sibio on July 1, according to a statement from the London-based accounting giant. Truncale most recently was the regional managing partner for EY's financial services organization, which includes 14,000 professionals, according to the statement.




"It will truly be an honor to lead this amazing organization," Truncale said in the statement. "I am inspired by the example Carmine has set, instilling an intent to be profession leaders, focusing on staying ahead of the curve in technology and most of all personifying EY values." The move comes just months after the accounting firm scrapped its planned breakup, which included a plan for the company to spin off its consulting business and much of its tax practice into a stand-alone public company. That plan was jeopardized after EY's influential US affiliate balked, while partners squabbled over key issues like how to divide the tax practice.

# दिवाली पर हुआ झगड़ा, दो दिन बाद गैंग के साथ हमला, दो गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तिलकनगर में दीपावली के दिन हुए झगड़े के दो दिन बाद एक गैंग ने प्लानिंग के साथ युवकों पर हथियारों से लैस होकर हमला कर दिया। इस हमले में दो युवकों की हालत गंभीर है। जबकि कुछ को मामूली चोटें आई है। वहीं लोगो ने मौके पर भागकर अपनी जान बचाई।

### दीपावली के दिन रोका था

आनंद के परिवार के लोगों ने बताया कि आरोपी दीपावली के दिन पटाखे जलाकर फेंक रहे थे। इस पर आनंद ने उसे रोका। दोनों के बीच कहासुनी हुई। इस दौरान एक दूसरे से हाथापाई की नौबत भी आ गई। रहवासियों ने समझाकर दोनों पक्ष को अलग-अलग कर दिया। इसके बाद से लगातार आरोपी इलाके में रेकी कर रहे थे। इसके बाद रात में आनंद और उसके दोस्त बाहर बैठे तब ही उन पर प्लानिंग के साथ हमला किया गया।

मामला तिलक नगर के आईडीए मल्टी का है। यहां आनंद पिता राजू शर्मा और अनिल पिता राजेश विश्वकर्मा पर अमन गिरी, श्रवण हिवराड़े सहित अन्य आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने हमला कर दिया। बताया जाता है कि आरोपियों ने आनंद के पेट, पीठ और जांघ पर चाकू मारे। वहीं अनिल बचाव करने गया तो उसे भी कमर और पीठ पर चाकू मार दिए। इस दौरान आनंद का भाई यश, जीतू, अजय और दिलीप के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की उन्होंने मौके से भागकर अपनी जान बचाई।

# इन्फेंट्री कमांडर्स सम्मेलन में पहुंचे थल सेनाध्यक्ष

## म्यूल रोबोट, स्नाइपर गन, आधुनिक वाहन सहित कई हथियारों का डेमो देखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इन्फेंट्री स्कूल महू में 37वां इन्फैंट्री कमांडर्स सम्मेलन किया गया। दो दिन का यह सम्मेलन मंगलवार से शुरू हुआ था। इसमें थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे भी शामिल हुए। सम्मेलन के अंतिम दिन बुधवार को सेना के आधुनिक हथियारों का डेमो दिया गया। इसमें हथियार ले जाने में सक्षम म्यूल रोबोट, सटीक निशाना लगाने वाली स्नाइपर गन, आधुनिक वाहन सहित कई हथियारों का डेमो किया गया।

इन्फैंट्री स्कूल महू में हुआ यह 37वां इन्फैंट्री कमांडर्स सम्मेलन कमांडेंट, लेफ्टिनेंट जनरल पीएन अनंतनारायणन, एवीएसएम, एसएम के नेतृत्व में किया गया। इस द्विवार्षिक सम्मेलन की अध्यक्षता जनरल मनोज पांडे, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, एडीसी, सेना प्रमुख ने की।

### सेना उप प्रमुख, छह कमांडर रहे मौजूद

इसमें सेना उप प्रमुख, छह सेना कमांडर, लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के 17 अधिकारी, मेजर जनरल रैंक के 14 अधिकारी शामिल हुए। इनमें समस्त इन्फैट्री रेजिमेंटों के कर्नल कमांडेंट तथा रेजीमेंट सेंटर्स के कमांडेंट मौजूद थे। वीडियो कान्फ्रेंस से पूरे देश के प्रमुख सैन्य स्टेशन के अफसर भी इस सम्मेलन में जुड़े। सम्मेलन में चुनौतियों और मुद्दों पर चर्चा की गई। पारंपरिक युद्ध परिदृश्य, आतंकवाद और उग्रवाद विरोधी अभियानों में पैदल सेना की क्षमताओं का आकलन किया। भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पैदल सेना की क्षमता में सुधार के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सम्मेलन के दौरान, इन्फैंट्री ने घातकता, गतिशीलता, युद्धक्षेत्र पारदर्शिता, स्थितिजन्य जागरूकता और उत्तरजीविता के सभी क्षेत्रों में अपने नवीनतम अधिग्रहणों का प्रदर्शन किया। हाल ही में प्राप्त उन्नत नई पीढ़ी के हथियार और उपकरण प्रणाली के प्रदर्शन ने विशेष रूप से पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर विरोधियों के नापाक मंसूबों का मुकाबला करने के लिए इन्फैंट्री की आधुनिक क्षमताओं में विश्वास जगाया।

सम्मेलन मुख्य रूप से इन्फैंट्री युद्ध प्रणालियों में प्रौद्योगिकी के समावेश पर केंद्रित था। इसमें नई पीढ़ी के छोटे हथियारों, निगरानी क्षमताओं, उत्तरजीविता, संरक्षित गतिशीलता और रात की सक्षमता की बढ़ी हुई मात्रा के साथ मारक क्षमता को बढ़ाना शामिल था।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **अलसुबह एक महिला का शव उसके घर की बाथरूम में फंदे पर लटका मिला। महिला काफी दिनों से डिप्रेशन में थी। बुधवार को पति उसे मायके से अपने घर लेकर आए। इसके बाद रात में महिला ने यह कदम उठा लिया। पुलिस के मुताबिक दोनों की शादी 10 साल पहले हुई थी। दोनों को एक बेटी भी है।**

राजेन्द्र नगर पुलिस के मुताबिक घटना नालंदा परिसर की है। यहां रहने वाली भारती (32) पति दिनेश जायसवाल ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक सुबह करीब चार बजे के लगभग पति की नींद खुली तो भारती बेड पर नहीं थी। उसे ढूंढा तो वह बाथरूम में बैठी थी। पति ने उसका हाथ पकड़ा और उठाया तो उसके गले में फंदा लगा हुआ था। जिसके बाद पति तुरंत उसे एमवाय अस्पताल ले गया।

### मायके से कई दिनों बाद आई

दिनेश चोइथराम मंडी में काम करता है। दिनेश ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी गर्भवती है। काफी समय से डिप्रेशन में थी। कुछ समय से वह मायके बाणगंगा में थी। बुधवार को ही वह उसे समझाकर घर लेकर आया। रात 12 बजे तक दोनों बात कर रहे थे। इसके बाद उसकी नींद लग गई। पुलिस ने बताया कि फिलहाल मामला संदिग्ध है। पुलिस के मुताबिक ससुराल पक्ष के बयान के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।

■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।